# वल्लभ कालेज में पीटीए की आम सभा 24 को

मंडी। वल्लभ राजकीय महाविद्यालय मंडी की पेरेंट्स टीचर एसोसिएशन (पीटीए) की आम सभा 24 सितंबर रविवार 2023 को सुबह 11:00 बजे महाविद्यालय के डॉ बीआर अंबेडकर भवन के सम्मेलन कक्ष में आयोजित की जाएगी। महाविद्यालय की प्राचार्या सुरीना शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि पीटीए की आम सभा में शैक्षणिक सत्र 2023-2024 के लिए नई कार्यकारिणी का गठन किया जाएगा। 12 अगस्त 2023 व 9 सितंबर 2023 को पीटीए के जनरल हाउस में कोरम पूरा न होने के कारण 24 सितंबर रविवार 2023 को जनरल हाउस में नई कार्यकारिणी का गठन करने का निर्णय लिया गया है। प्राचार्या सुरीना शर्मा ने प्राध्यापकों व अभिभावकों से पीटीए की आमसभा में भारी संख्या में भाग लेने की अपील की है। महाविद्यालय प्रशासन ने सभी अभिभावकों से महाविद्यालय में अध्यनरत उनके बच्चों के पहचान पत्रों के साथ पीटीए के जनरल हाउस में आने का आग्रह किया है। पीटीए की कार्यकारिणी को पीटीए के संविधान के अनुसार चयनित किया जाएगा।